न्यायालय नायब तहसीलदार बिजनौर, तहसील व जिला लखनऊ

श्री दिनेश्वर मिश्रा जी
बनाम
श्रीमती चन्द्रशीला मिश्रा

वाद संख्या–1065 / 2010 अन्तर्गत धारा–34 यू0पी0 लै0रे0 एक्ट 1901 ग्राम सराय शहजादी परगना बिजनौर, तहसील व जिला लखनऊ

निर्णय

यह नामांतरण प्रार्थना पत्र श्री बी.एन. मिश्रा पुत्र स्व. दिनेश्वर मिश्रा अध्यक्ष श्री दिनेश्वर मिश्रा जी मेमोरियल, सर्वजन एजुकेशनल, वोकेशनल एण्ड डवलेपमेन्ट ट्रस्ट सी–25, सेक्टर–एन, अलीगंज लखनऊ ने दिनांक 02.03.2010 को प्रस्तुत कर कहा है कि राजस्व ग्राम सराय शहजादी, परगना बिजनौर, तहसील व जिला लखनऊ स्थित गाटा संख्या 328 / 0.749 व 333 / 0.235 व 338 / 1.284 व 339 / 0.542 व 340 / 1.036 व 341 / 0.110 हे0 कुल छह किता रकबा 3.960 हे0 का टस्ट श्रीमती चन्द्रशीला मिश्रा पत्नी श्री बी.एन. मिश्रा पुत्री स्व0 राम नरेश पाण्डेय निवासिनी–सी–25, सेक्टर–एन, अलीगंज, लखनऊ में बनाया है अतः चन्द्रशीला मिश्रा के स्थान पर टेस्ट का नाम अंकित किया जाये।

प्रसूचना प्राप्त होने पर नियमानुसार इश्तेहार जारी किया गया जो वाद तामील शामिल पत्रावली है। आज तक कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं हुई है। अतः वाद निर्विवाद प्रतीत होता है। वादी ने अपने कथन के समर्थन में मूल पंजीकृत बैनामा दिनांक 20.01.10 अपना शपथ पत्र दिनांक 29.01.10 उद्वहरण खतौनी वर्ष 1412 से 1417 फसली खाता संख्या 45, 92, 100, 120, 220, 242 बाबत ग्राम–सराय शहजादी प्रस्तुत किया है। मौखिक साक्ष्य में ट्रस्टडीड दिनांक 20.1.10. व हासिया गवाह संजय त्रिपाठी पुत्र श्री बी.एन. त्रिपाठी तथा क्षेत्रीय लेखपाल लवकुश चौरसिया व रामचन्द्र के बयान कराये हैं। इन बयानों से निष्पादित टस्ट्रडीड की पुष्टि होती है। अतः ट्रस्ट के पक्ष में नामांकन किये जाने में कोई विधिक बाधा नहीं है। अतः आदेश दिया जाता है कि :–

आदेश

राजस्व ग्राम–सराय शहजादी, परगना बिजनौर, तहसील व जिला लखनऊ की खतौनी वर्ष वर्तमान खतौनी 1412 से 1417 फसली खाता संख्या 45 गाटा संख्या 333 रकबा 0.470 हे0 मालगुजारी रूपये 23.25 का बकदर भाग खाता संख्या 92 गाटा संख्या 338 रकबा 1.284 हे0 मालगुजारी रूपये 33.80 पैसा, खाता संख्या 100 गाटा संख्या 339 रकबा 0.542 हे0 खाता संख्या 120 गाटा संख्या 341 रकबा 0.114 हे0 खाता संख्या 220 गाटा संख्या 340 रकबा 1.036 हे0 मालगुजारी रूपये 48.10 पैसा तथा खाता संख्या 242 गाटा संख्या 328 रकबा 0.749 हे0 के समक्ष अंकित श्रीमती चन्द्रशीला मिश्रा पुत्री स्व0 राम नरेश पाण्डेय निवासिनी–सी–25, सेक्टर एन, अलीगंज, लखनऊ का नाम खारिज करके श्री दिनेश्वर मिश्रा जी मेमोरियल सर्वजन एजुकेशनल वोकेशनल एण्ड डवलेपमेन्ट ट्रस्ट अध्यक्ष बी.एन. मिश्रा पुत्र स्व0 दिनेश्वर मिश्रा निवासी–सी–25, सेक्टर एन, अलीगंज, शहर लखनऊ का नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर द्वारा ट्रस्टडीड दिनांक 20.01.10 दर्ज हो। वाद अमल दरामद पत्रावली दाखिल दफ्तर हो।

दिनांक : 15.7.10

नायब तहसीलदार
क्षेत्र बिजनौर
तहसील लखनऊ

नम्बर
2587
28/7/10

3
13

विज्ञ आदेश दिनांक 15-7-2010 श्रीमान नायब तहसीलदार –
बिजनौर लखनऊ के वाद सं. 065/010 अन्तर्गत धारा 34 भू. रा. अधि[illegible]
ग्राम सरायशहजादी परगना बिजनौर तहसील व जनपद
लखनऊ की मिसिल/ लिया की नकल प्रतिलिपि चकडौल[illegible]
जानकारी हेतु प्रति संलग्न करते निवेदन किया[illegible]

TAHSILDAR SADAR
LUCKNOW
TAHSIL & DISTRICT